51 हजार सदस्य पर्यावरण संरक्षण का करेंगे काम : तेजप्रताप यादव

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्री तेज प्रताप यादव बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की वेबसाइट एवं कई पुस्तकों का लोकापर्ण करते। ● जागरण

जागरण संवाददाता, पटना : पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि 21 नवंबर को राज्यभर की ग्राम पंचायत, प्रखंड और जिलों में जैव विविधता प्रबंधन समिति (बीएमसी) का गठन हो जाएगा। 51 हजार 780 लोग जैव विविधता प्रबंधन समिति से जुड़ जाएंगे। उन्होंने राज्य की सभी ग्राम पंचायत के मुखिया, प्रमुख और जिला परिषद के अध्यक्षों से अपील किया कि पर्यावरण के प्रति रुचि रखने वालों को इस समिति में स्थान दें। वे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की तरफ आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री ने बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की वेबसाइट, दो पुस्तक, वृक्षों को मित्र बनाएं और प्राकृतिक वातावरण में पंक्षी, का लोकार्पण किया। जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर जैव विविधता प्रबंधन समिति के गठन एवं कार्यवाही को आनलाइन अपलोड करने की तीन मार्गदर्शिका और बीएमसी के गठन की कार्यवाही को आनलाइन अपलोड करने के साफ्टवेयर का लोकार्पण किया। मंत्री तेजप्रताप ने कहा कि वृक्ष के रहने पर ही मनुष्य रह सकते हैं। राज्यभर के नागरिकों को पर्यावरण में सुधार लाने के लिए साथ देना होगा। प्रदूषण की मात्रा कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन की खरीद पर अनुदान दिलाने के संबंध में मुख्यमंत्री से बात करेंगे।